# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम–दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग), रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) 491001

*ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100*


क्रमांक 1930 / नामांकन / 2026 दुर्ग, दिनांक 16 / 06 / 2026

## // संशोधित अधिसूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में सत्र 2024 के पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा में पात्र वे अभ्यर्थी, जिनकी पी–एच.डी. में प्रवेश हेतु पी–एच.डी. पात्रता प्रमाण पत्र की वैधता 27/02/2026 तक था, तथा जिन्होने सत्र 2026 में विभिन्न विषयों में पी–एच.डी. शोधकार्य हेतु शोध केन्द्रों में प्रवेश प्राप्त किया है । ऐसे अभ्यर्थियो के लिए ***नामांकन आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से भरने एवं नामांकन शुल्क की राशि रू.400/– सहित जमा करने की तिथि निर्धारित करने एवं अभ्यर्थियों एवं संबंधित शोध केन्द्र महाविद्यालयों को दिशा–निर्देश दिया जाता है –***

*(नामांकन शुल्क – ए.टी.एम. कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/यू.पी.आई. के माध्यम से जमा किए जायेंगे।)*

| क्र. | नामांकन फार्म एवं शुल्क | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन माध्यम से शुल्क सहित आवेदन करने की तिथि | 17.06.2026 से 23.06.2026 |
| 2. | ऑनलाईन नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी समस्त अनिवार्य दस्तावेजो के साथ विश्वविद्यालय नामांकन शाखा में जमा करने की अंतिम तिथि | 30.06.2026 |

टीपः–

1. **नामांकन फार्म www.durguniversity.ac.in ⟶ Quick Links ⟶ Online Enrollment Form 2025-26 पर** Click **कर भरे जा सकते हैं।**
2. **विद्यार्थी, https://durg.ucanapply.com के माध्यम से भी ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भर सकते हैं।**

निर्देशः–

1. **नामांकन फार्म भरने के लिए शोधार्थियों को प्रवेश आवेदन फार्म के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करना अनिवार्य होगा। नामांकन फार्म हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।**
2. **समस्त शोधार्थियों को ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने के पूर्व ए.बी.सी. आई.डी. (एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट) में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा ।**
3. कृपया ध्यान रखें कि यदि अभ्यर्थी द्वारा इस विश्वविद्यालय से पूर्व में नियमित छात्र के रूप में नामांकन कराया गया है तो उन्हें पुनः ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है ।
4. अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में समस्त अनिवार्य दस्तावेजों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
5. **अभ्यर्थी को ऑनलाईन नामांकन फार्म के साथ निम्न दस्तावेज–(1) ऑनलाईन आवेदन फार्म, (2) 10वी/12वी की अंकसूची, (3) स्नातक/स्नातकोत्तर की प्रति वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची (अनिवार्यतः अनुसार), (4) ए.बी.सी. आई. डी. की छायाप्रति (5) माइग्रेशन की मूलप्रति, (6) अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) (शासकीय/अशासकीय संस्थान में कार्यरत होने पर अनिवार्यतः अनुसार ) (7) विश्वविद्यालय पात्रता की मूलप्रति (अनिवार्यतः अनुसार), (8) पी.–एच.डी. पात्रता प्रमाण पत्र (9) पी.–एच.डी. प्रवेश/पंजीयन फार्म (10) गेप सर्टिफिकेट (आवश्यकता अनुसार) (11) नाम/उपनाम परिवर्तन फार्म/विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र (अनिवार्यतः अनुसार) करना होगा।**

6. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन के माध्यम से ही नामांकन शुल्क की राशि रू. 400/– एवं अप्रवासन (Migration) शुल्क की राशि रू. 360/– सहित आवेदन करना अनिवार्य होगा ।

7. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में नवीन सत्र 2025–26 में नियमित छात्र/छात्रा (जिन्होने पूर्व में इस विश्वविद्यालय से नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश नही लिया है) के रूप में प्रवेशित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने हेतु रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।

8. ***यह भी कि यदि अभ्यर्थी द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर में किसी भी वर्ष में नियमित छात्र हेतु प्रवेश लिया है और नामांकन कराया गया है तो उन्हे पुनः नामांकन करने की आवश्यकता नही है ।***

9. ***यह भी कि यदि अभ्यर्थी द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर में किसी भी वर्ष में अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में प्रवेश लिया है और पंजीयन कराया गया है तो उन्हे नियमित पाठ्यक्रमें मे प्रवेश लेने हेतु नामांकन कराना आवश्यकता होगा ।***

10. ***ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में इस विश्वविद्यालय में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर चुके है और अपना माइग्रेशन निकाल लिये है और अभ्यर्थी द्वारा यदि पुनः इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते है तो उसे पुनः नवीन ऑनलाईन नामांकन कराना अनिवार्य होगा ।***

11. ऐसे अभ्यर्थी जो विवाह उपरांत अपना नाम/उपनाम परिवर्तन कराना चाहते है वे नाम/उपनाम आवेदन फार्म सहित विवाह प्रमाण पत्र व अनिवार्य दस्तावेजो के साथ विश्वविद्यालय में ऑनलाईन माध्यम सें रू. 180/–राशि जमा कर रसीद की प्रति ऑनलाईन आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर जमा करेंगे ।

12. **ऑनलाईन माध्यम से भरे नामांकन आवेदन फार्म और कंडिका में दर्शाये गये समस्त अनिवार्य दस्तावेजो के साथ फार्म को विश्वविद्यालय के नामांकन शाखा में निर्धारित तिथि में जमा करना अनिवार्य होगा।**

13. अभ्यर्थी ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाईल नं. 08062526431 (प्रातः10:30 बजे से सायं 05:30 बजे के मध्य) एवं ई–मेल onlinehelp@durguniversity.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

पृ.क्र. 1931/नामांकन/2026 दुर्ग, दिनांक 16/06/2026

**प्रतिलिपिः**

1. कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सूचनार्थ।
2. कुलपति महोदय के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
5. परीक्षा समन्वयक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
6. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. वित्त अधिकारी/उपकुलसचिव/सहा. कुलसचिव, अकादमिक/गोपनीय/परीक्षा विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को आवश्यक हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।
9. प्राचार्य, संबद्ध समस्त महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
10. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग की वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।
11. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में इसे समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
12. मैनेजर, लर्निंग स्पाइरल प्रा.लि. को सूचनार्थ।
13. कार्यालय फाईल ।

**सहायक कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**